बीएचईएल ने भूटान में 6X170 मेगावाट पुनात्सांगछू-II हाइड्रो परियोजना (पीएचईपी-II) की यूनिट-1 और 2 को सफलतापूर्वक कमीशन किया

नई दिल्ली, जनवरी 8: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने 6x170 मेगावाट पुनात्सांगछू-II जलविद्युत (हाइड्रो) परियोजना (पीएचईपी-II) की दो इकाइयों की सफल कमीशनिंग के साथ भूटान में एक और उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार और भूटान की शाही सरकार के बीच द्विपक्षीय समझौते के तहत निष्पादित, पीएचईपी -II पश्चिमी भूटान के वांग्डू जिले में स्थित एक ग्रीनफील्ड हाइड्रो परियोजना है।

महत्वपूर्ण रूप से, परियोजना में स्थापित फ्रांसिस टरबाइन को 241 मीटर के रेटेड हेड पर संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है - जो भूटान में किसी भी फ्रांसिस प्रकार के हाइड्रो टरबाइन के लिए सबसे अधिक है। सभी छह इकाइयों के चालू होने पर, अपेक्षित वार्षिक बिजली उत्पादन 4,357 गीगावाट-घंटे होगा।

6x170 मेगावाट पीएचईपी-II की यूनिट 1 और 2 को क्रमशः 16 और 17 दिसंबर, 2024 को सिंक्रनाइज़ किया गया। भूटान के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 17 दिसंबर, 2024 को परियोजना स्थल पर एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भूटान की शाही सरकार के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री और पीएचपीए-II के अध्यक्ष, महामहिम ल्योनपो जेम शेरिंग उपस्थित थे।

पीएचईपी-II में बीएचईएल के कार्यक्षेत्र में 6x170 मेगावाट वर्टिकल फ्रांसिस टरबाइन और उनसे मेल खाते सिंक्रोनस जनरेटर, कंट्रोल एंड मॉनिटरिंग (स्काडा) सिस्टम, जनरेटर ट्रांसफॉर्मर, शंट रिएक्टर, बसडक्ट, पोटहेड यार्ड और संबंधित सहायक उपकरणों के लिए इलेक्ट्रो-मैकेनिकल कार्यों का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग शामिल है। उपकरणों की आपूर्ति बीएचईएल की भोपाल, झांसी, रुद्रपुर, बेंगलुरु स्थित इकाइयों और इसके ट्रांसमिशन बिजनेस ग्रुप द्वारा की गई है, जबकि साइट पर निर्माण और कमीशनिंग का कार्य कंपनी के पावर सेक्टर- पूर्वी क्षेत्र डिवीजन, कोलकाता द्वारा किया गया।

बीएचईएल ने भूटान में अब तक 4x84 मेगावाट चुखा, 4x15 मेगावाट कुरिचु, 6x170 मेगावाट ताला और 4x180 मेगावाट मांगदेछु जैसी प्रमुख परियोजनाओं का निष्पादन किया है। पीएचईपी-II में इन दो इकाइयों के चालू होने के साथ, भूटान की कुल स्थापित क्षमता में बीएचईएल का योगदान अब लगभग 89% हो गया है। क्षेत्र में अपने पदचिह्न को और मजबूत करते हुए, बीएचईएल वर्तमान में भूटान में पीएचईपी-II के अतिरिक्त, 6x200 मेगावाट पुनात्सांगछू-I एचईपी के लिए एक ऑर्डर निष्पादित कर रहा है।

उपरोक्त के अलावा, बीएचईएल नेपाल में 4x225 मेगावाट अरुण-3 एचईपी और 2x20 मेगावाट राहुघाट एचईपी का निष्पादन कर रहा है। विशेष रूप से, बीएचईएल ने विदेशों में 3.8 गीगावॉट से अधिक हाइड्रो परियोजनाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित किया है और वर्तमान में 2.8 गीगावॉट से अधिक हाइड्रो परियोजनाओं का निष्पादन किया जा रहा है।

*****